फोन–कार्यालय : 0120–2882201
फैक्स : 0120–2882201
ईमेल आई0डी0– se_circle7@yahoo.com

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,सप्तम वृत्त,
# उ0 प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
सेक्टर–16ए,आफिस काम्पलैक्स,वसुन्धरा,गाजियाबाद।

I.S.O. 9001:2000 I.S.O. 9001:2000

पत्रांक: 2605 / PRP-42D / 29 दिनांक 25/09.2012

सेवा में,

मैनेजिंग डायरेक्टर,
भारतीय रेल कल्याण संगठन,
रेलवे आफिस काम्पलैक्स,शिवाजी ब्रिज,
(शंकर मार्केट के पीछे),नई दिल्ली–110001.

विषय: सिद्धार्थ विहार योजना,गाजियाबाद में प्रस्तावित गंगा,यमुना एवं हिण्डन इन्क्लेव में भारतीय रेल कल्याण संगठन द्वारा बल्क अलाटमेंट हेतु प्रेषित आवेदन पत्र के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक,कृपया अपने पत्रसंख्या–आई0आर0डब्लू0ओ0/पी0एल0/आर0एन0ई दिनांक 17.09.2012 जो कि आवास आयुक्त (म0) को सम्बोधित है,का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। अवगत कराना है कि उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद द्वारा जनपद गाजियाबाद में सिद्धार्थ विहार,गाजियाबाद नामक आवासीय योजना संचालित की जा रही है जिसमें संलग्न पंजीकरण पुस्तिका के अनुसार विभिन्न श्रेणी के भवनों का दिनांक 25.09.2012 से 24.10.2012 तक पंजीकरण खोला गया है।

उक्त पंजीकरण पुस्तिका की छाया प्रति इस अनुरोध के साथ संलग्न प्रेषित है कि यदि आपके संगठन के सदस्य परिषद की उक्त योजना में भवन क्रय करना चाहते हों तो कृपया सम्बन्धित बैंक से पंजीकरण पुस्तिका क्रय कर निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अन्तर्गत आवेदन पत्र अधिकृत बैंक में समयान्तर्गत जमा कराने का कष्ट करें तथा जिन सदस्यों द्वारा पंजीकरण कराया जाय उनकी पंजीकरण के उपरात सूची उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि आपके संगठन के सदस्यों हेतु पंजीकरण संख्या पर विचार करते हुए यथावश्यक टावर में भवनों को समायोजित कराने का प्रयास किया जा सके। यहाँ यह भी विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि आपके संगठन के सदस्यों को सिद्धार्थ विहार योजना, गाजियाबाद में भवन आवंटित कराने हेतु आपके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि **श्री सत्यपाल जी** द्वारा बार–बार इस कार्यालय से सम्पर्क कर, अथक प्रयास किये जा रहे हैं।

संलग्नक:– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

( नरसिंह प्रसाद )
अधीक्षण अभियन्ता

पृ0संख्या: /उपरोक्तानुसार/ तददिनांक–उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि:

1. अधिशासी अभियन्ता,निर्माण खण्ड–16,उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद,गाजियाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधीक्षण अभियन्ता